राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में कुलगुरु नियुक्त

## राज्यपाल श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 14 मई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. अखिल रंजन गर्ग को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

श्री बागडे ने कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. अखिल रंजन गर्ग के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

-----